भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 977
(13 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)

प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण-III के अंतर्गत आबंटित धनराशि

977. श्री दिलीप शइकीया:
श्री सुमेधानन्द सरस्वती:
श्री सुनील कुमार सिंह:
श्रीमती रंजीता कोली:
डॉ. मनोज राजोरिया:
श्री देवजी पटेल:
श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर:
श्री बालक नाथ:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तीसरे चरण के अंतर्गत स्वीकृत प्रस्तावों और आबंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है और उक्त योजना के अन्तर्गत राजस्थान , असम, झारखंड और महाराष्ट्र सहित राज्य और जिले-वार कितनी धनराशि स्वीकृत और आबंटित की गई है;

(ख) उक्त योजना के अंतर्गत विशेषकर राजस्थान के सीकर , भरतपुर, करौली, धौलपुर और अलवर तथा असम, झारखंड और महाराष्ट्र में स्वीकृत प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार का पीएमजीएसवाई के तीसरे चरण के अंतर्गत एक गांव को दूसरे गांव में रिंग रोड के जरिए जोड़ने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(साध्वी निरंजन ज्योति)

(क) से (ख): प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)- III की शुरुआत वर्ष 2019 में बसावटों को अन्य के साथ-साथ ग्रामीण कृषि बाजारों , उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और अस्पतालों से जोड़ने वाले 1,25,000 कि.मी. लंबे थ्रू-रूटों और प्रमुख ग्रामीण लिंक रूटों के

सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से की गई थी। दिनांक 8 दिसम्बर, 2022 की स्थिति के अनुसार 63,385.79 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 21 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 1,25,000 कि.मी. के आवंटित लक्ष्य में से 91,371 कि.मी. सड़क और 1,290 पुलों की स्वीकृति दे दी गई है। पीएमजीएसवाई-।।। के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के परिव्यय सहित अनुमोदित प्रस्तावों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा वेबसाइट **www.omms.nic.in => progress monitoring => Monthly Progress Reports (MPR)=>MPR1** पर देखा जा सकता है। पीएमजीएसवाई-।।। के तहत राजस्थान , असम, झारखंड और महाराष्ट्र राज्यों में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

सड़क लंबाई कि.मी.

राज्य का नाम	स्वीकृत परियोजनाएं		परियोजनाओं का मूल्य (रु. करोड़ में)
	सड़क लंबाई	पुल	
राजस्थान	6,156	6	3,307.72
असम	3,756	56	2,681.13
झारखंड	979	0	629.58
महाराष्ट्र	2,926	0	2,177.44

राजस्थान राज्य में सीकर, भरतपुर, करौली, धौलपुर और अलवर में अनुमोदित प्रस्तावों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

जिले का नाम	स्वीकृत परियोजनाएं		परियोजनाओं का मूल्य (रु. करोड़ में)
	सड़क लंबाई	पुल	
सीकर	236	0	137.92
भरतपुर	128	0	89.43
करौली	100	0	55.15
धौलपुर	194	0	87.56
अलवर	179	0	87.48

(ग) से (घ): पीएमजीएसवाई-।।। में कार्यक्रम दिशानिर्देशों के अनुसार मौजूदा थ्रूरूटों और मुख्य ग्रामीण लिंकों के समेकन की परिकल्पना की गई है। ऐसे प्रावधान के तहत विभिन्न बसावटों को जोड़ने वाली सड़क का कार्य किया जा सकता है लेकिन पीएमजीएसवाई-।।। के अंतर्गत रिंग रोड के माध्यम से एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने का कोई स्पष्ट रूप से उल्लिखित प्रावधान नहीं है।

*****